# बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान
# झाँसी

## प्रशासकीय परिषद की 30वीं बैठक का कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| बैठक संख्या | : | 30 वीं |
| स्थान | : | सभागार (प्रथम तल)<br>डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम<br>प्राविधिक विश्वविद्यालय<br>लखनऊ। |
| दिनांक | : | 04 सितम्बर, 2019 |
| समय | : | पूर्वान्ह 12.00 बजे |

# बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झाँसी

## की

## प्रशासकीय परिषद की 30वीं बैठक का कार्यवृत्त

बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झाँसी की 30 वीं बैठक आज दिनांक 04.09.2019 को पूर्वान्ह 12.00 बजे माननीय अध्यक्ष, इं0 राकेश गुप्ता, झाँसी की अध्यक्षता मे सभागार (प्रथम तल), डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ मे सम्पन्न हुई।

**बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :-**

1. इं0 राकेश गुप्ता ........... अध्यक्ष
   37/02, सिविल लाइन्स
   झाँसी।
2. श्री अवध किशोर ........... उपाध्यक्ष (प्रतिनिधि)
   उपसचिव,
   प्राविधिक शिक्षा,
   उ0 प्र0 शासन,
   लखनऊ।
3. मा0 प्रो0 विनय कुमार पाठक ........... सदस्य
   कुलपति
   डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम
   प्राविधिक विश्वविद्यालय,
   लखनऊ।
4. श्री के0 राम ........... सदस्य
   संयुक्त निदेशक
   प्राविधिक शिक्षा
   उ0 प्र0 शासन
   लखनऊ।
5. डा0 डी0 बी0 शाक्यवार ........... सदस्य
   प्रमुख वैज्ञानिक
   आई0सी0ए0आर0
   सी0एस0डब्लू0आर0आई0
   अविका नगर, वाया-जयपुर
   राजस्थान।
6. प्रो0 गौरी शंकर ........... सदस्य
   रिटायर्ड प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
   बायोकैमिकल इंजी0 एवं फूड टेक्नोलाजी
   एच0बी0टी0आई0,
   कानपुर।

13/09/19 13/9/19

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7. | प्रो0 अकील अहमद<br>कुलपति<br>इन्टीग्रल विश्वविद्यालय<br>लखनऊ। | ........... | सदस्य |
| 8. | प्रो0 मुकेश शुक्ला<br>प्रोफेसर<br>सिविल इंजी0 विभाग<br>बी0आई0ई0टी0,<br>झाँसी। | ........... | सदस्य |
| 9. | प्रो0 ए0 के0 निगम<br>प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष<br>सिविल इंजी0 विभाग<br>बी0आई0ई0टी0,<br>झाँसी। | ........... | सदस्य |
| 10. | डा0 महावीर सिंह नरूका<br>नोडल आफीसर (अकादमिक)<br>एस0पी0आई0यू0–यू0पी0/<br>टी0ई0क्यू0आई0पी0 III<br>(एम0एच0आर0डी0)<br>401/402, एकेडमिक ब्लाक<br>ए0 के0 टी0 यू0, जानकीपुरम विस्तार<br>लखनऊ –226031 (उ0प्र0) | ........... | विशेष आमंत्रित<br>(प्रतिनिधि,<br>एस0पी0ए0,<br>एस0पी0आई0यू0–<br>यू0पी0) |
| 11. | प्रो0 वी0 के0 त्यागी<br>निदेशक<br>बी0आई0ई0टी0<br>झाँसी। | ........... | सदस्य सचिव |

**जो सदस्य उपस्थित न हो सके :–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री इन्द्रजीत विश्वकर्मा<br>अपर निदेशक<br>कोषागार एवं पेंशन<br>लखनऊ। | ........... | सदस्य |
| 2. | प्रो0 अभय करिन्दकर<br>निदेशक<br>आई0आई0टी0,<br>कानपुर। | ........... | सदस्य |
| 3. | प्रो0 अजीत के0 चतुर्वेदी<br>निदेशक<br>आई0आई0टी0,<br>रुड़की। | ........... | सदस्य |

13/09/19 13/9/19

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | प्रो० एच० डी० चरन<br>कुलपति<br>राजस्थान प्राविधिक विश्वविद्यालय<br>कोटा (राजस्थान)। | ........... | सदस्य |
| 5. | इंजी० पी० ए० खरवड़कर<br>मैनेजिंग डायरेक्टर<br>करोना प्लस इंडस्ट्रीज<br>कौशलपुरी,<br>कानपुर। | ........... | सदस्य |
| 6. | प्रो० एस० जी० देशमुख<br>निदेशक<br>आई०आई०आई०टी०,<br>ग्वालियर। | ........... | सदस्य |
| 7. | प्रो० विनोद यादव<br>निदेशक<br>एन०आई०टी०<br>हमीरपुर (हिमांचल प्रदेश)। | ........... | सदस्य |
| 8. | श्री डी० के० दीक्षित<br>कार्यपालक निदेशक<br>बी०एच०ई०एल०<br>झाँसी। | ........... | सदस्य |

13/09/19 13/9/19

30.01 **प्रशासकीय परिषद की दिनाँक 26 जून, 2019 को सम्पन्न हुई 29वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

परिषद ने विचारोपरान्त प्रशासकीय परिषद की दिनांक 26 जून, 2019 को सम्पन्न हुई 29 वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की। साथ ही संस्थान की प्रशासकीय परिषद के अध्यक्ष के पद पर इंजी0 राकेश गुप्ता को पुनः 02 वर्ष के लिये नामित किये जाने तथा दिनांक 05.08.2019 को अध्यक्ष पद पर पदासीन होने से अवगत हुई।

30.02 **प्रशासकीय परिषद की दिनाँक 26 जून, 2019 को सम्पन्न हुई 29वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण से परिषद को अवगत कराना।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांक 26 जून, 2019 को सम्पन्न हुई 29वीं बैठक में लिये गये निर्णयों की कृत्त कार्यवाही से परिषद अवगत हुई। परिषद द्वारा कृत कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया।

30.03 **संस्थान की विगत दो वर्षो (2017-18 एवं 2018-19) की प्रगति आख्या से परिषद को अवगत कराना।**

परिषद संस्थान की विगत दो वर्षो की प्रगति आख्या से अवगत हुई। परिषद ने संस्थान के विकास हेतु शासन द्वारा दिये गये अनुदान हेतु प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा/उपाध्यक्ष प्रशासकीय परिषद, बी0आई0ई0टी0,झाँसी का आभार व्यक्त किया। साथ ही विगत दो वर्षो में संस्थान में कराये गये विकास कार्यो हेतु उत्कृष्ट योगदान के लिये अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद व निदेशक, बी0आई0ई0टी0,झाँसी की सराहना की।

13/09/19 13/9/19

**30.04 संस्थान मे वर्तमान मे कराये जा रहे निर्माण कार्यो, भविष्य मे प्रस्तावित निर्माण कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/विचारार्थ प्रस्तुत।**

परिषद संस्थान मे वर्तमान मे कराये जा रहे निर्माण कार्यो तथा भविष्य मे कराये जाने वाले प्रस्तावित निर्माण कार्यो से अवगत हुई। परिषद ने निर्देशित किया कि, भविष्य में कराये जाने वाले निर्माण कार्यो को निर्माण प्रक्रिया से पूर्व परिषद के संज्ञान मे लाया जाये।

**30.05 संस्थान छात्रों का प्लेसमेन्ट बढ़ाये जाने सम्बंधी कार्ययोजना पर की गयी कार्यवाही का विवरण परिषद के अवलोकनार्थ प्रस्तुत।**

परिषद संस्थान के छात्रों के प्लेसमेन्ट को बढ़ाये जाने हेतु विगत बैठक मे अनुमोदित कार्ययोजना के अन्तर्गत की जा रही कार्यवाही तथा प्रयासों से अवगत हुई। परिषद ने निर्देशित किया कि, संस्थान मे प्लेसमेन्ट को बढ़ाये जाने हेतु विगत बैठक मे परिषद द्वारा दिये गये निर्देशों के कम में आवश्यक कार्यवाही करते हुए प्लेसमेन्ट को बढ़ाये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये तथा प्लेसमेन्ट को बढ़ाये जाने हेतु प्लेसमेन्ट कम्पनी को भी हायर किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये।

**30.06 संस्थान की दिनांक 31.01.2019 को सम्पन्न हुई एकेडमिक्स समिति की बैठक के कार्यवृत्त परिषद के विचारार्थ/ अवलोकनार्थ प्रस्तुत।**

परिषद संस्थान की सम्पन्न हुई 5 वीं एकेडमिक्स समिति की बैठक के कार्यवृत्त से अवगत हुई।

13/09/19

13/9/19

**30.07 ए0के0टी0यू0, लखनऊ द्वारा वित्त पोषित पंडित दीन दयाल उपाध्याय तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान के विकास एवं सुदृढ़ीकरण कार्यो का विवरण परिषद के अवलोकनार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

संस्थान मे ए0के0टी0यू0, लखनऊ द्वारा वित्त पोषित पंडित दीन दयाल उपाध्याय तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान के विकास एवं सुदृढ़ीकरण के कराये गये/ कराये जा रहे कार्यो से अवगत होते हुए परिषद ने अनुमोदन प्रदान किया। साथ ही उक्त योजना के क्रम में संस्थान को ए0के0टी0यू0, लखनऊ से अवमुक्त की गई धनराशि से संस्थान में हुए विकास कार्यो के लिये मान0 कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ का आभार व्यक्त किया।

**30.08 विश्व बैंक सहायतित टीईक्यूआईपी-III से सम्बंधित प्रगति आख्या परिषद के अवलोकनार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

संस्थान मे चल रहे विश्व बैंक सहायतित टीईक्यूआईपी-III की प्रगति आख्या से अवगत होते हुए परिषद ने प्रगति पर अपना असंतोष व्यक्त किया। साथ ही निर्देशित किया कि, विभागों के स्तर पर उनकी आवश्यकता के दृष्टिगत सम्बंधित विभाग के प्रस्ताव पर यथाशीघ्र कार्यवाही की जाये। तथा सम्बंधित विभाग को भी जिम्मेदार बनाते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाये, ताकि भविष्य मे ए0पी0आई0यू0 द्वारा निर्धारित लक्ष्य को समायान्तर्गत प्राप्त कर धनराशि का उपभोग किया जा सके, एवं आगामी परिषद की बैठक मे आवंटित धनराशि के उपयोग सम्बंधी बैलेंस शीट परिषद के समक्ष आवश्यक रूप से प्रस्तुत की जाये।

वित्तीय वर्ष 2019-20 में टीईक्यूआईपी-III के अन्तर्गत क्रय किये जाने वाले प्रशासकीय परिषद से पूर्व में अनुमोदित

13/09/19 13/9/19

उपकरणों के अतिरिक्त निम्न उपकरण/सॉफ्टवेयर क्रय किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

| S.N. | Item Name | Item Code | Estimated Cost (Rs.) | Department |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ME_ANSYS_CFD | TEQIP-III/2019/UP/biej/148 | 1550000.00 | Mechanical Engg. |
| 2 | Multi Mode Ambient Scanning Tunneling Microscope | TEQIP-III/2019/UP/biej/143 | 1200000.00 | Applied Science |

30.09 **<u>संस्थान मे संचालित पाठ्यक्रमों के एन0बी0ए0 एक्रीडिटेशन हेतु किये जा रहे कार्यो की प्रगति परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/ विचारार्थ प्रस्तुत।</u>**

परिषद संस्थान में संचालित पाठ्यक्रमों के एन0बी0ए0 एक्रीडिटेशन हेतु किये जा रहे कार्यो से अवगत हुई। परिषद ने निर्देशित किया कि, मैकेनिकल एवं कैमिकल इंजी0 विभाग के अतिरिक्त अन्य पाठ्यक्रमों का एक्रीडिटेशन कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये। तथा संस्थान मे जिन विभागों मे संकाय सदस्यों के पद स्वीकृत नहीं हैं उन विभागों को एस0एफ0एस0 के अन्तर्गत संकाय सदस्यों को नियुक्त किये जाने हेतु शासन स्तर से आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त कर कार्यवाही किये जाने हेतु निदेर्शित किया जिससे एक्रीडिटेशन कराये जाने हेतु संकाय सदस्यों की कमी को पूर्ण किया जा सके।

30.10 **<u>संस्थान मे एक शूटिंग रेंज सह प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना किये जाने सम्बंधी प्रस्ताव परिषद के अवलोकनार्थ/ विचारार्थ प्रस्तुत।</u>**

परिषद संस्थान में एक शूटिंग रेंज सह प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना किये जाने सम्बंधी प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान

13/09/19 13/9/19

करते हुये अग्रेतर कार्यवाही करने हेतु अध्यक्ष प्रशासकीय परिषद को अधिकृत किया।

30.11 **प्रशासकीय परिषद की विगत बैठकों के लम्बित प्रकरण परिषद के अवलोकनार्थ/ विचारार्थ प्रस्तुत।**

परिषद ने मद संख्या 26.02 पर श्री रामआशीष विश्वकर्मा के प्रकरण पर की जा रही कार्यवाही से अवगत होते हुये निदेशक महोदय को नियोक्ता अधिकारी की हैसियत से विधिक राय के उपरान्त उक्त पद के समावर्ती पद पर पद खाली होने की दशा में आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

परिषद ने मद संख्या 26.12 पर संस्थान के भूमि से सम्बन्धित प्रकरणों पर मा0 उच्च न्यायालय में अपील हेतु की जा रही कार्यवाही से अवगत होते हुये संस्थान के कुलसचिव को यथाशीघ्र रिट याचिका योजित किये जाने हेतु निर्देशित किया।

परिषद ने मद संख्या 26.13 पर संस्थान के गृहकर सम्बन्धी प्रकरण पर हो रही कार्यवाही से अवगत होते हुये निदेशक महोदय को यथाशीघ्र कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही शासन स्तर से ग्रहकर को माफ कराये जाने के लिये प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।

परिषद द्वारा मद संख्या 26.15 पर डा0 संतोष कुमार साहू के प्रकरण को संज्ञान लेते हुये यह निर्देशित किया कि उक्त प्रकरण की जाँच आख्या यथा शीघ्र प्राप्त कर अभिलम्ब अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाये।

30.12 **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य विषय पर विचार एवं स्वीकृति।**

परिषद ने संस्थान में उपलब्ध भूमि पर फारमिंग की सम्भावनाओं को तलाश कर तथा न्यायिक दृष्टिकोण के आलोक में आवश्यक कार्यवाही किये जाने की सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की जिससे कि, संस्थान में धन उर्पाजन के स्रोतों को बढ़ाया जा सके।

सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा कंसलटेंसी को और बढ़ाने तथा पारदर्शिता लाने व सैम्पलों के रख-रखाव की उचित व्यवस्था

13/09/19 13/9/19

हेतु परिषद द्वारा आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही परिषद ने यह भी निर्देशित किया कि, अन्य विभागों में भी कंसलटेंसी को बढ़ाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये।

परिषद ने संस्थान में शिक्षकों एवं कर्मियों की उपस्थिति को पारदर्शी किये जाने हेतु बॉयोमेट्रिक एवं ई0आर0पी0 सिस्टम व्यवस्था यथाशीघ्र लागू किये जाने हेतु निर्देशित किया तथा संस्थान के शिक्षकों एवं कर्मियों को वेतन उक्त व्यवस्था के अनुसार निर्गत किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु भी निर्देशित किया।

संस्थान में संकाय सदस्यों को आवश्यक रूप से मूक-कोर्स किये जाने हेतु तथा उक्त कोर्स में धन की आवश्यकता को टीक्यूप-।।। के माध्यम से वहन किये जाने हेतु निर्देशित किया।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त समाप्त हुई।

13/09/2019
(प्रो0 वी0 के0 त्यागी)
सदस्य सचिव, प्रशासकीय परिषद
एवं
निदेशक, बीआईईटी, झाँसी।

13/9/2019
(इं0 राकेश गुप्ता)
अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद
बीआईईटी, झाँसी।